CAREERINDIA

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ________________________

 (Name) ________________________

2. (Signature) ________________________

 (Name) ________________________

**OMR Sheet No. :** .............................................

(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

**Roll No.** ________________________

(In words)

**J 0 3 1 5**

Time : 2½ hours]

# PAPER - III
# PHILOSOPHY

**[Maximum Marks : 150**

Number of Pages in this Booklet : **24**

Number of Questions in this Booklet : **75**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of seventy five multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④ where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचहत्तर बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।
   **उदाहरण :** ① ② ● ④ जबकि (3) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं। यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें। हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा।

www.careerindia.com

CAREERINDIA

# PHILOSOPHY
## PAPER - III

**Note :** This paper contains **seventy five (75)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

**1.** 'Names give us universals which are purely imaginary, illusory and negative'. The view is propounded by :

(1) Dharmakīrti (2) Dinnāga (3) Prabhākara (4) Kamalśīla

**2.** 'When substance does not exist, the qualities which depend on it also do not exist' - is the view held by :

(1) Jainas (2) Naiyāyikās (3) Mīmānisakās (4) Buddhists

**3.** Accepted and confirmed by the Jaina school of thought which of the following does not belong to the category of *Triratna* :

(1) Samyak Jnāna (2) Samyak Cārītraya

(3) Samyak Prayās (4) Samyak Dars'ana

**4.** *Khyāti* is not a unitary knowledge but is a composite of two unrelated cognitions is the view propounded by :

(1) Prabhākara (2) Kumārila (3) Rāmānuja (4) Udyotkara

**5.** Which one of the following represents Novelty as the feature of knowledge according to Pūrva-Mīmānisā ?

(1) Yathārtha (2) Bādhaka Jñānarahita

(3) Agṛhitāgrāhī (4) Kāraṇadoṣarahita

**6.** Match **List-I** with **List-II** and choose the correct answer with the help of codes given below :

| | **List-I** | | **List-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Pakṣadharmatā | (i) | fire is cool |
| (b) | Vi-pakṣasattva | (ii) | sound is eternal as it is caused |
| (c) | Bādhita | (iii) | smoke is present in the hill |
| (d) | Viruddha | (iv) | fire in the lake |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

www.careerindia.com

CAREERINDIA

# दर्शन शास्त्र
## प्रश्नपत्र – III

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचहत्तर (75)** बहु–विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

**1.** ''नाम सामान्य का अवबोध कराते हैं जो शुद्ध रूप से कल्पना प्रसूत, भ्रमात्मक और निषेधात्मक हैं।'' यह मत प्रतिपादित किया गया है :

(1) धर्मकीर्ति द्वारा (2) दिङ्नाग द्वारा (3) प्रभाकर द्वारा (4) कमलशील द्वारा

**2.** 'जब द्रव्य अस्तित्ववान नहीं है तो गुण, जो इन पर आश्रित हैं, भी अस्तित्ववान नहीं हैं।' यह मत है :

(1) जैनों का (2) नैयायिकों का (3) मीमांसकों का (4) बौद्धों का

**3.** जैन विचार संप्रदाय द्वारा स्वीकार्य और समर्थित, निम्नलिखित में से *त्रिरत्न* की कौनसी श्रेणी नहीं है ?

(1) सम्यक् ज्ञान (2) सम्यक् चारित्र्य
(3) सम्यक् प्रयास (4) सम्यक् दर्शन

**4.** *ख्याति* कोई एक ज्ञान नहीं है अपितु दो असंबद्ध अवबोधों का समुच्चय है। यह मत प्रतिपादित किया गया है :

(1) प्रभाकर द्वारा (2) कुमारिल द्वारा (3) रामानुज द्वारा (4) उद्योतकर द्वारा

**5.** पूर्वमीमांसा के अनुसार निम्नलिखित में से कौन ज्ञान की नवीनता को सूचित करता है ?

(1) यथार्थ (2) बाधक ज्ञानरहित
(3) अग्रहिताग्राहि (4) कारणदोषरहित

**6.** **सूची-I** को **सूची-II** के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूटों की सहायता से सही उत्तर चुनें :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | पक्षधर्मता | (i) | अग्नि शीतल है |
| (b) | विपक्षसत्त्व | (ii) | शब्द शाश्वत है क्योंकि यह उत्पन्न होता है |
| (c) | बाधित | (iii) | पर्वत पर धूम्र है |
| (d) | विरुद्ध | (iv) | जलाशय में अग्नि है |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

www.careerindia.com

CAREERINDIA

7. Which of the following is an equivalent of Ṛta ?

(1) Aditi (2) Indra (3) Soma (4) Uṣas

8. The term Yoga in Bhagvadgītā has not been used in the sense of :

(1) Samatva (2) Kauśala (3) Karma (4) Kriyā

9. The respective stages of self evolution in Jainism are known as :

(1) *Apramattasṁayat* (2) *Avirat*

(3) *Upaśāntakaṣāya* (4) *Guṇasthāna*

10. Which of the following pair aptly depicts the verse 'Bhūta' as 'Kṣara' and 'Kūtastha' as 'Akṣara' :

(1) *Prakṛti- Puruṣa* (2) *Jīva – Māyā* (3) *Brahma – Jīva* (4) *Māyā – Jīva*

11. Which of the following texts assumes the process of creation in the form of 'Yajña' ?

(1) *Puruṣa Sūkta* (2) *Nāsadīya Sūkta*

(3) *Hiraṇyagarbha Sūkta* (4) *Taittīrya Brāhmaṇa*

12. According to Bhagvadgītā which of the following is authentic authority in deciding between 'kartavya' and 'Akartavya' ?

(1) *Āptavākya* (2) *Paramparā* (3) *Śāstra* (4) *Svātma*

13. Which one of the following does not refer to 'Prakrti' according to Bhagvadgītā ?

(1) *Mahat* (2) *Caitanya* (3) *Kartṛ* (4) *Buddhi*

14. According Vaiśeṣika to *Nitya dravya* is :

(1) *Tryaṇuka* (2) *Ātman* (3) *Dvyaṇuka* (4) *Karma*

15. Which one of the following is not a relation ?

(1) *Svarūpa* (2) *Apṛthaksiddhi* (3) *Guṇa* (4) *Samavāya*

16. 'Religion is a Home Sickness', stated by :

(1) Radhakrishnan (2) Vivekananda (3) Tagore (4) Gandhi

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**7.** निम्नलिखित में से कौन-सा ऋत् के समान है?

(1) अदिति (2) इन्द्र (3) सोम (4) उषस्

**8.** भगवद्गीता में योग शब्द का प्रयोग इस आशय से नहीं किया गया है :

(1) समत्व (2) कौशल (3) कर्म (4) क्रिया

**9.** जैन मत में आत्मोत्थान के क्रमिक चरण जाने जाते हैं :

(1) *अप्रमत्तसंयत* (2) *अविरत*

(3) *उपशान्तकषाय* (4) *गुणस्थान*

**10.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म 'भूत' को 'क्षर' की तरह और 'कूटस्थ' को 'अक्षर' की तरह उद्घाटित करता है?

(1) *प्रकृति-पुरुष* (2) *जीव-माया* (3) *ब्रह्म-जीव* (4) *माया-जीव*

**11.** निम्नलिखित ग्रंथों में से कौन-सा सृष्टि की प्रक्रिया को 'यज्ञ' के रूप में स्वीकार करता है?

(1) *पुरुष सूक्त* (2) *नासदीय सूक्त*

(3) *हिरण्यगर्भ सूक्त* (4) *तैत्तिरीय ब्राह्मण*

**12.** भगवद्गीता के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा 'कर्तव्य' और 'अकर्तव्य' के बीच निर्णय का प्राधिकारी है?

(1) *आप्तवाक्य* (2) *परम्परा* (3) *शास्त्र* (4) *स्वात्म*

**13.** भगवद्गीता के अनुसार निम्नलिखित में से कौन प्रकृति से संबंधित नहीं है?

(1) *महत्* (2) *चैतन्य* (3) *कार्त्री* (4) *बुद्धि*

**14.** वैशेषिक के अनुसार *नित्य द्रव्य* है :

(1) *त्रयणुक* (2) *आत्मा* (3) *द्वयणुक* (4) *कर्म*

**15.** निम्नलिखित में से कौन-सा संबंध नहीं है?

(1) *स्वरूप* (2) *अपृथक्सिद्धि* (3) *गुण* (4) *समवाय*

**16.** 'धर्म घर के लिए आतुरता है' के द्वारा कहा गया है :

(1) राधाकृष्णन् (2) विवेकानन्द (3) टैगोर (4) गाँधी

www.careerindia.com

CAREERINDIA

17. *Dik*, *Ātman* and *Manas* according to the Naiyāyikās are :

(1) *Bhautika* (2) *Murta*

(3) *Both bhautika and murta* (4) *Neither bhautika nor murta*

18. Match the following lists and choose the correct code :

| | **List-I** | | **List-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | *Brahman* | (i) | *Vyāvahārika Sattā* |
| (b) | *Svapna* | (ii) | *Pāramārthika Sattā* |
| (c) | *Jagat* | (iii) | *Prātibhāsika Sattā* |
| (d) | *Turīya* | (iv) | *Tādātmya* |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (2) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |

19. In Kantian ethics 'an objective principle of action' is called :

(1) a maxim (2) a rule (3) a practical law (4) an imperative

20. Which one of the followings has recommended internal sanctions :

(1) Bentham (2) Spencer (3) Mill (4) Epicuras

21. 'Either freedom of will is a fact or moral judgement a delusion' this statement is of :

(1) Martineau (2) Hobbes (3) Kant (4) Mill

22. 'Divine law is the ultimate moral law'. Which one of the following holds this view ?

(1) Hobbes (2) Desecrates (3) Bain (4) Spencer

23. Mark the **correct** alternative from the following :

According to Perfectionism :

(1) Pleasure alone is the standard of morality.

(2) Reason alone is the standard of morality.

(3) Intuition is the standard of morality.

(4) Utility is the index of morality.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**17.** नैयायिकों के अनुसार दिक्, आत्मा और मनस् हैं :

(1) *भौतिक* (2) *मूर्त*

(3) *भौतिक और मूर्त दोनों* (4) *न तो भौतिक न मूर्त*

**18.** **सूची-I** को **सूची-II** के साथ सुमेलित करें और सही कूट का चयन करें :

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| (a) | *ब्रह्म* | (i) | *व्यावहारिक सत्ता* |
| (b) | *स्वप्न* | (ii) | *पारमार्थिक सत्ता* |
| (c) | *जगत्* | (iii) | *प्रातिभासिक सत्ता* |
| (d) | *तुरीय* | (iv) | *तादात्म्य* |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (2) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |

**19.** कान्तवादी नैतिक, दर्शन में 'क्रिया का वस्तुपरक सिद्धान्त' कहलाता है :

(1) सूत्र (2) नियम (3) व्यावहारिक नियम (4) आदेश

**20.** निम्नलिखित में से किसने आन्तरिक अनुशास्तिओं की अनुशंसा की है :

(1) बेन्थम (2) स्पेन्सर (3) मिल (4) एपीक्यूरस

**21.** 'संकल्प स्वातंत्र्य सत्य है या नैतिक निर्णय एक भ्रम' यह कथन है :

(1) मार्टिन्यू का (2) हॉब्स का (3) काण्ट का (4) मिल का

**22.** 'ईश्वरीय नियम ही चरम नैतिक नियम है' निम्नलिखित में से किस एक का यह मत है :

(1) हॉब्स (2) देकार्त (3) बेन (4) स्पेन्सर

**23.** निम्नलिखित में से **सही** विकल्प को चिह्नित करें।

पूर्णतावाद के अनुसार :

(1) मात्र सुख नैतिकता का मापदण्ड है।

(2) मात्र विवेक नैतिकता का मापदण्ड है।

(3) अन्त: अनुभूति नैतिकता का मापदण्ड है।

(4) उपयोगिता नैतिकता का सूचकांक है।

www.careerindia.com

24. Match **List-I** with **List-II** and choose the correct answer with the help of code given below :

| | **List-I (Authors)** | | **List-II (Texts)** |
|---|---|---|---|
| (a) | Ross | (i) | Prolegomena to Ethics |
| (b) | Moore | (ii) | Foundations of Ethics |
| (c) | Kant | (iii) | Ethics |
| (d) | Green | (iv) | Metaphysics of Morals |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

25. Who among the following has said 'Nothing is unconditionally good save the good will' ?
(1) Clark (2) Martineau (3) Sidgwick (4) Kant

26. Only the motive of an action is the basis of its moral Judgement. Which one of the following holds this view ?
(1) Hedonist (2) Rationalist (3) Intuitionist (4) Rigorist

27. Which one of the following thinkers has regarded A-words, D-words and G-words as belonging to one family ?
(1) Moore (2) Ross (3) Spencer (4) Nowell-smith

28. Which one of the following has stated that there is emotive factor in moral judgement ?
(1) Moore (2) Ross (3) Ayer (4) Stevenson

29. Galloway does not accept one of the following as a form of Religion ?
(1) Tribal Religion (2) National Religion
(3) Universal Religion (4) Primitive Religion

30. Which of the following is the source of 'Tao' ?
(1) Primitive Religion (2) Naturalistic Religion
(3) Humanistic Religion (4) None of the above

31. Which one of the following is **true** about the position of Gandhi ?
(1) God and truth are universal concepts.
(2) God is absolute and truth is relative.
(3) God and truth are interchangeable.
(4) God is truth and truth is god.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**24.** **सूची-I** को **सूची-II** के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिये गये कूटों से सही उत्तर का चयन करें।

| **सूची-I (लेखक)** | | **सूची-II (रचना)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | रॉस | (i) | प्रोलेगोमेना टू इथिक्स |
| (b) | मूर | (ii) | फांउन्डेशन्स ऑफ इथिक्स |
| (c) | कान्ट | (iii) | इथिक्स |
| (d) | ग्रीन | (iv) | मेटाफिजिक्स ऑफ मॉरल्स |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

**25.** अधोलिखित में से किसने कहा है 'शुभ संकल्प के अतिरिक्त अन्य कुछ भी निरपेक्ष रूप से शुभ नहीं है'?

(1) क्लार्क (2) मार्टिन्यू (3) सिजविक (4) कान्ट

**26.** ''मात्र कार्य का प्रयोजन ही उसके नैतिक निर्णय का आधार है'', निम्नलिखित में से किस एक का यह मत है?

(1) सुखवादी (2) बुद्धिवादी (3) अंतर्ज्ञानवादी (4) कठोरतावादी

**27.** निम्नलिखित विचारकों में से किस एक ने ए-वर्ड, डी-वर्ड तथा जी-वर्ड को एक परिवार माना है?

(1) मूर (2) रॉस (3) स्पेन्सर (4) नॉवेल स्मिथ

**28.** निम्नलिखित में से किसने कहा है कि नैतिक निर्णयों में संवेगात्मक तत्त्व होते हैं?

(1) मूर (2) रॉस (3) एयर (4) स्टीवेन्शन

**29.** गैलवे धर्म के प्रकार के रूप में निम्नलिखित को स्वीकार नहीं करता है?

(1) जन जातीय धर्म (2) राष्ट्रीय धर्म

(3) पूर्णव्यापी धर्म (4) आरम्भिक धर्म

**30.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'ताओ' का स्रोत है?

(1) आरम्भिक धर्म (2) प्रकृतिवादी धर्म

(3) मानववादी धर्म (4) उपरोक्त में से कोई नहीं

**31.** निम्नलिखित में से कौन-सी बात गाँधी के विषय में **सत्य** है?

(1) ईश्वर और सत्य सार्वभौमिक अवधारणाएं हैं।

(2) ईश्वर निरपेक्ष है और सत्य सापेक्ष हैं।

(3) ईश्वर और सत्य परस्पर परिवर्तनीय है।

(4) ईश्वर सत्य है और सत्य ईश्वर है।

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**32.** The principle of 'Bread labour' for Gandhi essentially consists of :
(1) Mental work (2) Physical work (3) Social work (4) Political work

**33.** Non-violence according to Gandhi is **not** :
(1) The law of the human species
(2) The Gospel of human action
(3) Goodwill towards all life
(4) Passive resistance

**34.** Gandhian economic programmes were based on :
(1) Ideal principles of economic grasping
(2) By producing all wants of the people
(3) The ideal of self sufficiency
(4) Sharing all economic productions

**35.** Brahman according to vallabha is :
(1) *Nirguṇa* only (2) *Saguṇa* only
(3) Both *Nirguṇa and Saguṇa* (4) Neither

**36.** The relation between *Brahman* and *Jīvātmā* according to Madhva is :
(1) *Abheda* (2) *Bheda* (3) *Bhedābheda* (4) All the above

**37.** 'Samvṛti' is distinguished as 'Tathyasamvṛti' and 'Mithyasamvṛti' by :
(1) Āryadeva (2) Diṅnāga (3) Nāgārjuna (4) Chandrakirti

**38.** Match the following using the proper code :

| | **List-I** | | **List-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Śaṁkara | (i) | Viṣṇutattvavinirṇaya |
| (b) | Vallabha | (ii) | Dṛgdṛṣya viveka |
| (c) | Madhva | (iii) | Prasthānaratnākara |
| (d) | Nimbārka | (iv) | Vedānta Pārijāta Kusuma |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (2) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**32.** गाँधी के 'रोटी के लिए श्रम' के सिद्धांत में अनिवार्यतः सम्मिलित है :

(1) मानसिक कार्य (2) शारीरिक कार्य (3) सामाजिक कार्य (4) राजनैतिक कार्य

**33.** गाँधी के अनुसार अहिंसा **नहीं** है :

(1) मानव प्रजाति का नियम

(2) मानव क्रिया की गाथा

(3) समस्त जीवन के प्रति शुभेच्छा

(4) निष्क्रिय प्रतिरोध

**34.** गाँधी विचारधारा के आर्थिक कार्यक्रम आधारित थे :

(1) आर्थिक समझ के आदर्शात्मक सिद्धांत

(2) लोगों की आवश्यकताओं के लिए उत्पादन करना

(3) आत्मनिर्भरता का आदर्श

(4) समस्त आर्थिक उत्पादन में हिस्सेदारी

**35.** वल्लभ के अनुसार ब्रह्म है :

(1) *निर्गुण*–मात्र (2) *सगुण*–मात्र

(3) *निर्गुण* और *सगुण* दोनों (4) इनमें से कोई नहीं

**36.** मध्व के अनुसार *ब्रह्म* और *जीव* का संबंध है :

(1) *अभेद* (2) *भेद* (3) *भेदाभेद* (4) उपरोक्त सभी

**37.** किस के द्वारा 'संवृत्ति' का 'तथ्यसंवृत्ति' एवं 'मिथ्यासंवृत्ति' में भेद किया गया है :

(1) *आर्यदेव* (2) *दिङ्नाग* (3) *नागार्जुन* (4) चंद्रकीर्ति

**38.** कूटों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित को सुमेलित करें :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | शंकर | (i) | विष्णुतत्त्वविनिर्णय |
| (b) | वल्लभ | (ii) | दृगदृश्य विवेक |
| (c) | मध्व | (iii) | प्रस्थानरत्नाकर |
| (d) | निम्बार्क | (iv) | वेदांत पारिजात कुसुम |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (2) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**39.** "Words are relational and thus state only about the universal (Jāti) not the Real (Svalakṣṇa).

(1) Āryadeva (2) Chandrakīrti (3) Nāgārjuna (4) Diṅnāga

**40.** The view that - hermeneutics should confine itself to the epistemological problems of interpretation and not try to engage with the deepest conditions of human existence - held by :

(1) Paul Ricoeur (2) Emilio Betti (3) Habermors (4) Derrida

**41.** Who among the following has maintained a distinction between grammatical interpretation and psychological interpretation ?

(1) Wilhelm Dilthey (2) Friedrich Schleiermacher

(3) Gadamer (4) Heidegger

**42.** Truth is a necessary constituent of a systematically coherent whole - can be ascribed to :

(1) Pragmatic theory of truth (2) Correspondence theory of truth

(3) Coherence theory of truth (4) Relational theory of truth

**43.** Who among the following philosophers held that the correspondence theory of truth is of an identity between constituents of the fact and that of the proposition ?

(1) Frege (2) Russell (3) Carnap (4) Quine

**44.** Which one of the following correctly depicts the concept of *'Atyantābhāva'* ?

(a) total absence of colour in air.

(b) the absence of a relation between two things in the past, present and future.

(c) this absence has a beginning but does not have an end.

**Codes :**

(1) Only (a) and (c) are true. (2) Only (a) and (b) are true.

(3) Only (a) is true. (4) Only (b) is true.

**45.** Which one of the following is the stand point of anti-realism ?

(1) There is no guarantee that every declarative sentence is determinately true or false.

(2) Every declarative sentence is determinately true or false.

(3) Every declarative sentence is always true.

(4) Every declarative sentence is always false.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**39.** शब्द संबंध मूलक हैं अत: ये मात्र सामान्य (जाति) का बोध करते हैं न कि वास्तविक (स्वलक्षण) का :

(1) आर्यदेव (2) चंद्रकीर्ति (3) नागार्जुन (4) दिङ्नाग

**40.** हरमन्यूटिक्स को अपने आप को ज्ञानमीमांसीय समस्याओं की व्याख्या तक सीमित कर लेना चाहिए तथा मानव अस्तित्व की गहन अवस्थाओं में संलिप्त होने की चेष्टा नहीं करनी चाहिए। यह मत है :

(1) पॉल रिकर (2) एमीलिओ बेट्टी (3) हैबरमास (4) देरीदा

**41.** निम्नलिखित में से किसने व्याकरणिक व्याख्या और मनोवैज्ञानिक व्याख्या के बीच भेद किया है?

(1) विल्हेल्म डिल्थे (2) फ्रेडरिक श्लेयमाकर

(3) गैडेमर (4) हैडेगर

**42.** सत्य प्रणालीबद्ध संसक्त समग्रता का एक अनिवार्य संघटक है – यह मत हो सकता है :

(1) सत्य के व्यावहारवादी सिद्धांत का (2) सत्य के संवाद सिद्धांत का

(3) सत्य के संसक्तता सिद्धांत का (4) सत्य के संबंधमूलक सिद्धांत का

**43.** निम्नलिखित दार्शनिकों में से किस का मत है कि सत्यता का संवाद सिद्धांत तथ्य के संघटक तथा प्रतिज्ञप्ति के संघटक के बीच का तादात्म्य है?

(1) फ्रेगे (2) रसेल (3) कार्नेप (4) क्वाइन

**44.** निम्नलिखित में से कौन-सा '*अत्यन्ताभाव*' की संकल्पना को सही तरह से उद्घाटित करता है?

(a) वायु में रंग का पूर्ण अभाव।

(b) दो वस्तुओं के बीच भूत, वर्तमान और भविष्य में संबंध का अभाव।

(c) इस अभाव का एक आरंभ होता है किन्तु अंत नहीं होता।

**कूट :**

(1) केवल (a) और (c) सही हैं। (2) केवल (a) और (b) सही हैं।

(3) केवल (a) सही है। (4) केवल (b) सही है।

**45.** निम्नलिखित में से कौन-सा मत अवस्तुवादियों का है?

(1) इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि प्रत्येक घोषणा वाक्य निश्चित रूप से सत्य या असत्य होता है।

(2) प्रत्येक घोषणा वाक्य निश्चित रूप से सत्य या असत्य होता है।

(3) प्रत्येक घोषणा वाक्य सदैव सत्य होता है।

(4) प्रत्येक घोषणा वाक्य सदैव असत्य होता है।

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**46.** Consider the following statements with reference to Frege and mark the correct code is :

(a) Frege introduces a distinction between the reference and the sense of an expression.
(b) Objects are what proper names stand for.
(c) He invented the theory of quantification.

**Codes :**

(1) Only (a) and (b) are true. (2) Only (a) and (c) are true.
(3) Only (c) is true. (4) All (a), (b) and (c) are true.

**47.** Who among the following philosophers criticised the concept of human rights by saying - "there are no such rights and belief in them is one with belief in witches and in unicorns".

(1) Jeremy Bentham (2) Alasdair Maclntyre
(3) Edmand Burke (4) John Locke

**48.** Atoms according to Naiyāyikās are inactive and motionless, this leads to conclude that :

(a) Motion is imparted to them by unseen power (Adṛṣta) of Dharma and Adharma residing in individual soul.
(b) Atoms combine in geometrical progression and not in arithmetical way.
(c) Physical order presupposes the moral order.

**Codes :**

(1) (a) is a valid inference. (2) (b) is an invalid inference.
(3) (a), (c) are valid inferences. (4) (a), (b), (c) are valid inferences.

**49.** Mark the code which does not consist a true statement :

(1) A conjunction is true if all of its components are true but false otherwise.
(2) Every compound statement is a truth functional statement.
(3) In two valued logic every statement is either true or false.
(4) A simple statement is a statement that does not contain any other statement as its component part.

**50.** Who one of the following held that space and time are a priori percepts ?

(1) Hume (2) Kant (3) Leibnitz (4) Einstein

**51.** Consider the following statements with reference to *Upamāna* (Comparison) and mark the correct code.

(a) Vedantins argue that *Upamāna* can be derived syllogistically from the premises.
(b) Sāmkhya school of thinkers hold that *Upamāna* can be shown to be a case of perception.
(c) According to *Nyāya*, comparison is the knowledge of the relation between a word and the object denoted by that word.

**Codes :**

(1) Only (a) and (b) are true. (2) Only (b) and (c) are true.
(3) Only (c) is true. (4) All (a), (b) and (c) are true.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**46.** फ्रेगे के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही कूट चिह्नित करें।

(a) फ्रेगे संदर्भ और अभिव्यक्ति की समझ के बीच भेद प्रस्तुत करता है।

(b) वस्तुएँ वह हैं जिनके लिए नाम विशेष प्रयुक्त हैं।

(c) उसने परिमाणीकरण के सिद्धांत की खोज की।

**कूट :**

(1) केवल (a) और (b) सही हैं।
(2) केवल (a) और (c) सही हैं।
(3) केवल (c) सही है।
(4) सभी (a), (b) और (c) सही हैं।

**47.** निम्नलिखित में किस दार्शनिक द्वारा मानव अधिकारों की अवधारणा की आलोचना यह कह कर की जाती है कि ''ऐसा कोई भी अधिकार तथा विश्वास नहीं है तथा इसमें विश्वास करना वैसा ही है जैसे चुडैलों और एकश्रृंग में विश्वास करना।''

(1) जेरेमी बेन्थम
(2) एल्सडेयर मैकेन्टेयर
(3) एडमण्ड बर्क
(4) जॉन लॉक

**48.** न्यायमत के अनुसार अणु निष्क्रिय और गतिहीन हैं यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है :

(a) आत्मा में रहने वाले वाले धर्म एवं अधर्म के अनुरूप अदृष्ट द्वारा अणुओं में गति प्रदान की जाती है।

(b) अणुओं का संयोग ज्यामितीय प्रगति में होता है न कि अंक गणितीय तरीके में।

(c) भौतिक व्यवस्था के पीछे एक नैतिक व्यवस्था होती है।

**कूट :**

(1) (a) एक वैध अनुमान है।
(2) (b) एक अवैध अनुमान है।
(3) (a), (c) एक वैध अनुमान हैं।
(4) (a), (b), (c) वैध अनुमान हैं।

**49.** उस कूट को चिन्हित करें जिसमें सही अभिकथन न हो :

(1) एक संयोजक सत्य है यदि इसके सभी संघटक सत्य हैं अन्यथा यह असत्य है।

(2) प्रत्येक यौगिक अभिकथन एक सत्यता-फलन अभिकथन होता है।

(3) द्विमूल्याश्रित तर्कशास्त्र में प्रत्येक अभिकथन या तो सत्य होता हैं या असत्य।

(4) एक सरल अभिकथन वह अभिकथन है जिसका संघटक इसके भाग के रूप में अन्य कोई अभिकथन नहीं होता।

**50.** निम्नलिखित में से किसके अनुसार देश और काल प्रागनुभविक प्रत्यक्ष हैं?

(1) ह्यूम
(2) काण्ट
(3) लाइब्नित्स
(4) आईंस्टीन

**51.** *उपमान* के संदर्भ में सही अभिकथन का परीक्षण करें तथा सही कूट का चयन करें।

(a) वेदान्ती तर्क देते हैं कि उपमान आधार वाक्यों से निगमित किया जा सकता है।

(b) *सांख्या* संप्रदाय के चितंकों के अनुसार *उपमान* का आविर्भाव प्रत्यक्ष में संभव है।

(c) *न्याय* मतानुसार उपमान एक शब्द और उसके द्वारा इंगित वस्तु के बीच के संबंध का ज्ञान है।

**कूट :**

(1) केवल (a) और (b) सही हैं।
(2) केवल (b) और (c) सही हैं।
(3) केवल (c) सही है।
(4) सभी (a), (b) और (c) सही हैं।

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**52.** Consider the given **Assertion (A)** and **Reason (R)** with reference to inductive inference and mark the correct code from below.

**Assertion (A) :** Inductive inference proceeds from known to the unknown.

**Reason (R) :** Inductive inference attempts to reach a conclusion concerning all the members of a class from observation of all of them.

**Codes :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A).**

(2) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is not the correct explanation of **(A).**

(3) **(A)** is true and **(R)** is false.

(4) **(R)** is true and **(A)** is false.

**53.** Who holds that matter, motion, space and time are relativities ?

(1) Newton (2) Einstein (3) Hume (4) Leibnitz

**54.** Which one of the following is not a kind of 'uniformity' according to Mill ? Mark the correct option.

(1) Uniformity of succession (2) Uniformity of science

(3) Uniformity of coexistence (4) Uniformity of similarity

**55.** Consequence of action is the basis of moral Judgement. Which one of the following holds this view ?

(1) Hedonist (2) Intuitionist (3) Rigorist (4) Idealist

**56.** Austin while giving an account of correspondence makes a distinction between :

(1) Descriptive and Demonstrative conventions

(2) Descriptive and correlative conventions

(3) Demonstrative and locutionary conventions

(4) Locutionary and perlocutionary conventions

**57.** Who among the following philosophers criticised Frege's method of building up the series of natural numbers out of merely logical notions ?

(1) Wittgenstein (2) Austin (3) Bertrand Russell (4) Strawson

**58.** According to Rusell, denoting phrases are phrases which :

(1) have a complete meaning

(2) never have any meaning in themselves

(3) have meaning independent of a proposition

(4) contain meanings in themselves

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**52.** दिये गये **अभिकथन (A)** और **तर्क (R)** की परीक्षा आगमनात्मक अनुमान के आलोक में करें और नीचे दिये गये कूट में से सही का चयन करें।

**अभिकथन (A) :** आगमनात्मक अनुमान में ज्ञात से अज्ञात की ओर जाते हैं।

**तर्क (R) :** आगमनात्मक अनुमान में किसी जाति विशेष के सभी सदस्यों के निर्णय के द्वारा उस जाति विशेष के सभी सदस्यों के बारे में निर्णय तक पहुँचते हैं।

**कूट :**

(1) दोनों **(A)** और **(R)** सही हैं और **(R), (A)** की सही व्याख्या है।

(2) दोनों **(A)** और **(R)** सही हैं और **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** सही है और **(R)** गलत है।

(4) **(R)** सही है और **(A)** गलत है।

**53.** किसका मत है कि द्रव्य, गति, देश और काल सापेक्षताएँ हैं?

(1) न्यूटन (2) आइन्स्टीन (3) ह्यूम (4) लाइबनिज़

**54.** मिल के अनुसार निम्नलिखित में कौन-सा 'एकरूपता' का प्रकार नहीं है। सही विकल्प को चिह्नित करें।

(1) अनुक्रम की एकरूपता (2) विज्ञान की एकरूपता

(3) सह-अस्तित्व की एकरूपता (4) समानता की एकरूपता

**55.** नैतिक निर्णय का आधार कर्म फल है। निम्नलिखित में से किस एक का यह मत है?

(1) सुखवादी (2) अंतर्ज्ञानवादी (3) कठोरतावादी (4) आदर्शवादी

**56.** ऑस्टिन जब संवाद का विवरण प्रस्तुत कर रहे होते हैं तब निम्नलिखित में से किसके बीच भेद करते हैं?

(1) डिस्क्रिप्टिव एण्ड डेमाँनस्ट्रेटिव कन्वेंशन्स

(2) डिस्क्रिप्टिव एण्ड कोरिलेटिव कन्वेंशन्स

(3) डेमाँस्ट्रेटिव एण्ड लोक्युशनरी कन्वेंशन्स

(4) लोक्युशनरी एण्ड परलोक्युशनरी कन्वेंशन्स

**57.** निम्नलिखित में से कौन दार्शनिक फ्रेगे के स्वाभाविक अंकों के श्रेणी निर्माण की विधि की मात्र तार्किक धारणाओं के कारण आलोचना करता है?

(1) विट्गेन्स्टाइन (2) ऑस्टिन (3) बर्ट्रेण्ड रसेल (4) स्ट्रॉसन

**58.** रसेल के अनुसार 'डिनोटिंग फ्रेज़ेज' वे मुहावरे हैं :

(1) जो पूर्णार्थक हैं।

(2) जिनका स्वयं में कोई अर्थ नहीं होता है।

(3) तर्कवाक्य से स्वतंत्र अर्थ वाले हैं।

(4) स्वयं में अर्थ रखते हैं।

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**59.** Protocol statements according to logical positivism refer to :

(1) Complex empirical statements (2) Simple relational statements

(3) Elementary statements (4) Metaphorical statements

**60.** Consider the following statements with reference to induction and mark the correct code.

(a) J.S. Mill conceived induction as essentially an evidencing process.

(b) Whewell conceives it as essentially discovery.

(c) Charles peirce views induction as generalisation and contrasts it with inference.

**Codes :**

(1) Only (a) and (b) are true. (2) Only (a) and (c) are true.

(3) All (a), (b) and (c) are true. (4) Only (a) is true.

**61.** Which of the following statements is not acceptable to a sceptic ?

(1) No absolute, unquestionable, complete knowledge is possible.

(2) Evidence is indecisive, judgement should be suspended.

(3) There are fixed and eternal values which stand irrespective of time and place.

(4) Questioning or doubting as a means to gaining knowledge.

**62.** Which of the following statement/s is/are true with reference to Plato ? Mark the correct code.

(a) Justice is a quality of the soul.

(b) Spirit of collectivism should permeate the individual.

(c) The eternal laws of morality are not mere conventions.

**Codes :**

(1) Only (a) is true. (2) Only (b) is true.

(3) Only (a) and (c) are true. (4) (a), (b) and (c) are true.

**63.** Match **List-I** with **List-II** with reference to idealism and mark the correct code.

| | **List-I** | | **List-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Personalistic idealism | (i) | Finite self is a part, mode or appearance of the one |
| (b) | Monistic idealism | (ii) | Concrete reality is personal selfhood |
| (c) | Subjective idealism | (iii) | Recognises the reality of non-ideal types |
| (d) | Realistic idealism | (iv) | Nature is merely the projection of the finite mind |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**59.** तर्क निष्ठ भाववाद के अनुसार 'प्रोटोकाल स्टेटमेन्ट' सन्दर्भित करते हैं :

(1) पूर्णत: आनुभाविक अभिकथन को
(2) साधारण सम्बन्धात्मक को
(3) प्राथमिक अभिकथन को
(4) लाक्षणिक अभिकथन को

**60.** आगमन के सन्दर्भ में सही कथनों पर विचार करें और सही कूट का चयन करें।

(a) जे.एस. मिल आगमन को अनिवार्यत: एक प्रमाणदायी प्रक्रिया मानते हैं।
(b) ह्वेवेल इसे अनिवार्यत: अन्वेषण मानते हैं।
(c) चार्ल्स पीयर्स इसे सामान्यीकरण के रूप में देखते हैं तथा इसे अनुमान के विरुद्ध कहते हैं।

**कूट :**

(1) केवल (a) और (b) सही हैं।
(2) केवल (a) और (c) सही हैं।
(3) सभी (a), (b) और (c) सही हैं।
(4) केवल (a) सही है।

**61.** निम्नलिखित में से कौनसा अभिकथन संशयवादी को स्वीकार नहीं है?

(1) कोई भी निरपेक्ष, प्रश्नातीत, पूर्ण ज्ञान संभव नहीं है।
(2) जब प्रमाण अनिश्चित हो, निर्णय को स्थगित रखा जाना चाहिए।
(3) ऐसे निश्चित और शाश्वत मूल्य हैं जो समय और स्थान से निरपेक्ष रहते हैं।
(4) प्रश्नात्मकता और संशयात्कमकता ज्ञान प्राप्ति के साधन के रूप में हैं।

**62.** प्लेटो के संदर्भ में निम्नलिखित में कौन-सा अभिकथन सही है/हैं? सही कूट का चयन करें।

(a) न्याय आत्मा का गुण है।
(b) सामूहिकता की आत्मा को व्यक्ति को व्याप्त करना चाहिए।
(c) नैतिकता शाश्वत परंपरामात्र नहीं है।

**कूट :**

(1) केवल (a) सही है।
(2) केवल (b) सही है।
(3) केवल (a) और (c) सही हैं।
(4) (a), (b) और (c) सही हैं।

**63.** **सूची-I** के संदर्भ में **सूची-II** से सुमेलित कीजिए और सही कूट का चयन करें।

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | वैयक्तिक प्रत्ययवाद | (i) | सीमीत आत्मा एक का अंश, प्रकार अथवा अभास है। |
| (b) | एकतत्त्व प्रत्ययवाद | (ii) | मूर्तसत्ता वैयक्तिक आत्मत्व है। |
| (c) | आत्मनिष्ठ प्रत्ययवाद | (iii) | वस्तुओं के आदर्श रहित रूपों की यथार्थता को स्थापित करते है। |
| (d) | यथार्थवादी प्रत्ययवाद | (iv) | प्रकृति सीमित मन का प्रक्षेपण मात्र है। |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

www.careerindia.com

**64.** Perception is an unerring knowledge of the unique particular __________ is the view of.

(1) Buddhists (2) Prabhākara (3) Naiyāyīkas (4) Vedāntins

**65.** Who propounded the 'law of sufficient reason' ?

(1) Aristotle (2) Plato (3) Leibnitz (4) Kant

**66.** Examine given argument and choose the correct name of the fallacy out of codes given below.

**Argument :**

All horses are four footed animals.

No oxen are horse.

∴ No oxen are four footed animal.

**Codes :**

(1) Fallacy of illicit major (2) Fallacy of illicit middle

(3) Fallacy of illicit minor (4) None of these

**67.** According to 'opposition of propositions' if "summer days are generally hot" is true the propositions "All summer days are hot" will be :

(1) True (2) False (3) Doubtful (4) None of these

**68.** An argument has essentially :

(1) Form and proposition (2) Truth and form

(3) Truth and fallacity (4) Form, proposition and truth

**69.** Which one of the following is the right symbolization of statement "Bees and wasps sting if they are either angry or frightened" (B*x*, W*x*, S*x*, A*x*, F*x*)

(1) $(\exists x)\ \{(Bx.Wx) \supset [(Ax \vee Fx) \supset Sx]\}$ (2) $(x)\ \{(Bx \vee Wx) \supset [(Ax \vee Fx) \supset Sx]\}$

(3) $(x)\ (Bx \vee Wx) \supset Ax \vee Fx \supset Sx$ (4) $(x)\ (Bx \vee Wx) \supset (Ax \vee Fx) \supset Sx$

**70.** Examine following argument and spot the correct code.

$P \supset (Q \vee R)$

$S \supset (T \cdot U)$

$- T$

$\therefore P \supset U$

**Codes :**

(1) Valid (2) Invalid (3) True (4) False

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**64.** प्रत्यक्ष स्वलक्षण का भ्रमरहित ज्ञान है, यह मत है :

(1) बौद्धों का (2) प्रभाकर का (3) नैयायिकों का (4) वेदांतियों का

**65.** 'पर्याप्त हेतु का नियम' का प्रतिपादक कौन है ?

(1) अरस्तू (2) प्लेटो (3) लाईब्नित्स (4) काण्ट

**66.** दी गई युक्ति की परीक्षा करें और नीचे दिए गए कूटों में से तर्कदोष के सही नाम का चयन करें।

**युक्ति :**

सभी घोड़े चौपाया हैं।
कोई भी बैल घोड़ा नहीं है।
∴ कोई भी बैल चौपाया नहीं है।

**कूट :**

(1) अनुचित बृहत्-पद-दोष (2) अनुचित मध्य-पद-दोष
(3) अनुचित लघु-पद-दोष (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**67.** 'तर्क वाक्यों के विरोध' के अनुसार यदि तर्क वाक्य, 'गर्मी के दिन सामान्यत: गर्म होते हैं' सत्य है तो तर्क वाक्य 'गर्मी के सभी दिन गर्म हैं' होगा :

(1) सत्य (2) असत्य (3) संदिग्ध (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**68.** एक युक्ति में अनिवार्यत: होते हैं :

(1) आकार और प्रतिज्ञप्ति (2) सत्यता और आकार
(3) सत्यता और असत्यता (4) आकार, प्रतिज्ञप्ति और सत्यता

**69.** तर्कवाक्य ''मक्खियाँ और ततैया डंक तभी चुभोती हैं जब वे या तो क्रुद्ध अथवा डरी हुई हों'' का सही प्रतीकात्मक रूप निम्नलिखित में से कौन है ? ($Bx$, $Wx$, $Sx$, $Ax$, $Fx$)

(1) $(\exists x)\ \{(Bx.Wx) \supset [(Ax \vee Fx) \supset Sx]\}$ (2) $(x)\ \{(Bx \vee Wx) \supset [(Ax \vee Fx) \supset Sx]\}$
(3) $(x)\ (Bx \vee Wx) \supset Ax \vee Fx \supset Sx$ (4) $(x)\ (Bx \vee Wx) \supset (Ax \vee Fx) \supset Sx$

**70.** नीचे दी गई युक्ति की परीक्षा करें और सही कूट को चिह्नित करें।

$P \supset (Q \vee R)$
$S \supset (T \cdot U)$
$-T$
$\therefore P \supset U$

**कूट :**

(1) मान्य (2) अमान्य (3) सत्य (4) असत्य

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**71.** Read carefully **argument I** and **II** the mark the correct code :

**Argument I :** If there is smoke then there is fire. There is no smoke. Therefore there is no fire.

**Argument II :** Death is the end of life. The end of life is perfection. Therefore death is perfection.

**Codes :**

(1) Argument **I** has the fallacy of denying the antecedent and **II** is a valid argument.
(2) **I** is valid and **II** has fallacy of excluded middle.
(3) Both **I** and **II** are valid arguments.
(4) Argument **I** has fallacy of denying the antecedent and **II** has fallacy of four terms.

**72.** Which one of the following is **not** a valid mood of first figure ?

(1) Barbara (2) Darii (3) Celarent (4) Baroco

**73.** Match **List I** with **List II** and mark the correct code as given below :

| | **List I** | | **List II** |
|---|---|---|---|
| (a) | p.q<br>$\therefore$ p | (i) | Modus Ponens |
| (b) | p > q<br>p<br>$\therefore$ q | (ii) | Constructive Dilemma |
| (c) | p<br>$\therefore$ p $\vee$ q | (iii) | Simplification |
| (d) | (p > q)$\cdot$(r > s)<br>p $\vee$ r<br>$\therefore$ q $\vee$ s | (iv) | Addition |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (2) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (3) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (4) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

**74.** Mark the code which does not show a rule of inference :

(1) Hypothetical syllogism (2) Disjunctive syllogism
(3) Categorical syllogism (4) Simplification

**75.** Which pair supports Ecofeminism ?

(1) Vandana Shiva and Maria Mies
(2) Vandana Shiva and Simon De Beauvoir
(3) Maria Mies and Simon De Beauvoir
(4) Simon De Beauvoir and Mahasheveta Devi

- o 0 o -

www.careerindia.com

CAREERINDIA

71. **युक्ति** I और **युक्ति** II को सावधानी पूर्वक पढ़ें और सही कूट को चिह्नित करें।

**युक्ति I :** यदि वहाँ धूम्र है तो वहाँ अग्नि है। वहाँ धूम्र नहीं है। इसलिए वहाँ अग्नि नहीं है।

**युक्ति II :** मृत्यु जीवन का अंत है। जीवन का अंत पूर्णता है। इसलिए मृत्यु पूर्णता है।

**कूट :**

(1) युक्ति I पूर्ववर्ती निषेध दोष है तथा II एक वैध युक्ति है।
(2) I वैध है तथा II में मध्य पद निषेध दोष है।
(3) I और II दोनों वैध युक्तियाँ हैं।
(4) युक्ति I में पूर्ववर्ती निषेध दोष है तथा युक्ति II में चतुष्पादी दोष है।

72. निम्नलिखित में से कौन प्रथम आकार का वैध योग्य नहीं है?

(1) बारबरा (2) दरिआई (3) क्लारेंट (4) बारोको

73. **सूची** I को **सूची** II से सुमेलित करें तथा दिए गए कूट में से सही का चयन करें।

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| (a) | p.q<br>$\therefore$ p | (i) | मोडस पोनेंस |
| (b) | p > q<br>p<br>$\therefore$ q | (ii) | कंस्ट्रक्टीव डाइलेमा |
| (c) | p<br>$\therefore p \vee q$ | (iii) | सिम्प्लीफिकेशन |
| (d) | (p > q)·(r > s)<br>$p \vee r$<br>$\therefore q \vee s$ | (iv) | ऐडीशन |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (2) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (3) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (4) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

74. उस कूट को चिह्नित करें जो रूल ऑफ इन्फरेंस को नहीं बतला रहा है :

(1) हाईपोथेटिकल सिलोजज़्म (2) डिस्जंक्टिव सिलोजज़्म
(3) केटागोरिकल सिलोजज़्म (4) सिम्प्लीफिकेशन

75. इकोफेमेनिज्म का समर्थन निम्नलिखित में से कौन करता है?

(1) वंदना शिवा और मारिया माइस (2) वंदना शिवा और सिमोन दि बुवा
(3) मारिया माइस और सिमोन दि बुवा (4) सिमोन दि बुवा और महाश्वेता देवी

- o 0 o -

www.careerindia.com

Space For Rough Work

www.careerindia.com